# बेहतर कृषि शिक्षा के लिए खाली पद शीघ्र भरें

## दुनिया में हो रहे बेहतर प्रयोगों का अध्ययन कर अपने देश में भी लागू करने के उपाय करें : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आज पूसा, दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन का वृहद आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के कृषि छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए, वहीं हजारों विद्यार्थी वर्चुअल भी जुड़े थे. साथ ही, कृषि वैज्ञानिक, प्राध्यापक और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा कृषि विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी भी शामिल हुए और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी वर्चुअल शामिल हुए.**

इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार, रिसर्च, आधुनिक तकनीकों व ज्ञान का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना था. इसमें विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के आधुनिक आयाम और सरकार की नीतियों से अवगत कराया गया,



वहीं इस मंच के माध्यम से कृषि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने और कृषि में शोध कार्य को गति देने का प्रयास किया गया. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में इस बात पर चिंता जताई कि कृषि शिक्षा से जुड़े कई पद खाली पड़े है, उन्होंने बेहतर कृषि शिक्षा के लिए सभी खाली पद शीघ्र भरने के निर्देश के महानिदेशक को दिए, साथ ही कहा कि सुचारू कृषि शिक्षा और राज्यों में विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में खाली पड़े सभी पद शीघ्र भरने के लिए वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भी भेजेंगे और वहां के कृषि मंत्रियों से भी चर्चा करेंगे.

### छोटे किसानों तक अच्छी क्वॉलिटी के बीज पहुंचना चाहिए

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पूसा परिसर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय बीज निगम के नव-स्थापित अत्याधुनिक सब्जी एवं पुष्प बीज प्रसंस्करण संयंत्र और पैकिंग इकाई का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने बरेली, धारवाड़, हसन, सूरतगढ़ और रायचूर स्थित एनएससी के पांच बीज प्रसंस्करण संयंत्रों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया. पूसा, नई दिल्ली स्थित बीज भवन में स्थापित सब्जी बीज प्रसंस्करण संयंत्र की क्षमता 1 टन प्रति घंटा है, जबकि एनएससी के अन्य पांचों संयंत्रों की क्षमता 4 टन प्रति घंटा रखी गई है. ये संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं, जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और बीज उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी. कार्यक्रम के दौरान चौहान ने किसानों के लिए 'बीज प्रबंधन 2.0' प्रणाली और ऑनलाइन बीज बुकिंग प्लेटफॉर्म का भी शुभारंभ किया. इस प्रणाली के माध्यम से किसान अब अपनी बीज आवश्यकताओं की बुकिंग ऑनलाइन कर सकेंगे, जिससे पारदर्शिता और उपलब्धता दोनों में सुधार होगा. छोटे किसानों तक अच्छी क्वॉलिटी के बीज पहुंचना जरूरी है. चौहान ने इस अवसर पर कहा कि इन संयंत्रों से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. ये नए प्लांट किसानों की जरूरतें पूरी करेंगे, जो कि बहुत महत्वपूर्ण है. पिछले दिनों चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें नकली और घटिया बीज के संबंध में आई थी, ऐसे में गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध होना आवश्यक है.



# पटना सहित पूरे देश में छठ पर्व का उत्साह

## छठ की रोशनी में नहाया बिहार, हर घाट पर गूंजे गीत

**पटना, 27 अक्टूबर. लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ का तीसरा दिन पूरे बिहार, उत्तरप्रदेश समेत देश के कई राज्यों में भक्तिभाव से मनाया गया. राजधानी पटना से लेकर बांका, मुजफ्फरपुर, कटिहार और हाजीपुर तक श्रद्धालुओं की भीड़ छठ घाटों पर उमड़ पड़ी. अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नदियों, तालाबों और पोखरों के तट दीपों की रोशनी और छठ गीतों से आलोकित हो उठे.**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर परिवार संग भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और प्रदेशवासियों के सुख-शांति की कामना की. डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अपने पैतृक गांव तारापुर में छठी मइया की आराधना की, वहीं मंत्री अशोक चौधरी और उनकी सांसद बेटी शांभवी चौधरी ने पारिवारिक रूप से पूजा संपन्न की. गंडक नदी के घाट पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय बिना किसी प्रोटोकॉल के श्रद्धालुओं के बीच नजर आए और लोगों के साथ सेल्फी लेते दिखे.



### सूर्यदेव और छठी माई का आशीर्वाद सब पर बना रहे : केजरीवाल



**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को लोक आस्था के महापर्व छठ की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा — लोक आस्था के महापर्व छठ की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं. सूर्य उपासना और प्रकृति आराधना के इस पावन पर्व पर सभी व्रती माताओं-बहनों को नमन. केजरीवाल ने आगे कहा कि भगवान सूर्यदेव और छठी माई के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य बना रहे. उन्होंने कहा कि छठ न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सादगी, स्वच्छता और समर्पण का उत्सव भी है, जो समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देता है.

# सभी नक्सली आत्मसमर्पण करें : शाह

**नयी दिल्ली,27 अक्टूबर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जलिे में 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने की सराहना की है. शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी एक पोस्ट कहा कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जलिे में 21 नक्सलियों ने अपने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है जो काफी प्रसन्नता की बात है.**

उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले 21 नक्सलियों में से 13 शीर्ष काडर थे. शाह ने कहा कि वे इन नक्सलियों के मुख्यधारा में शामिल होने और मोदी सरकार के आह्वान पर हिंसा छोड़ने के लिये उनकी सराहना करते हैं. उन्होंने कहा कि वे अन्य नक्सलियों से फिर अपील करते हैं कि जल्द से जल्द आत्मसमर्पण कर दें. गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिये प्रतिबद्ध है. छत्तीसगढ़ पुलिस की पूना मार्गम: पुनर्वास के माध्यम से पुनर्जीवन पहल के तहत बस्तर रेंज के कांकेर जिले में रविवार को 21 नक्सली कैडरों ने समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण किया था.

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव में पूर्ण जीत सुनिश्चित करें



**मुंबई.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से महाराष्ट्र के आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की पूर्ण विजय सुनिश्चित करने का आह्वान किया. शाह मुंबई में भाजपा के नए राज्य मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ-साथ कई मंत्री, वरिष्ठ नेता और बढ़ी संख्या पर पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे. गृह मंत्री ने भाजपा की चुनावी सफलता को याद करते हुए कहा, हमने 2014 में गठबंधन की कोशिश की थी और तब से, हमने तीन बार बहुमत हासिल किया है.

# दिल्ली में हैवान निकली प्रेमिका

## छात्र की हत्या, फॉरेंसिक छात्रा की 'क्राइम परफेक्ट' साजिश नाकाम

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर.दिल्ली के गांधी विहार में यूपीएससी छात्र की हत्या ने पुलिस और जनता दोनों को झकझोर दिया. फॉरेंसिक साइंस की छात्रा ने अपने ज्ञान का इस्तेमाल अपराध को 'हादसे' जैसा दिखाने में किया — पर तकनीकी सबूतों ने साजिश का पर्दाफाश कर दिया.**

राजधानी दिल्ली के गांधी विहार में एक जली हुई लाश ने 5 अक्टूबर की रात पुलिस को पहले तो एक आम हादसे का भ्रम दिया, लेकिन जब जांच ने परतें खोलीं, तो सामने आया एक ऐसा खौफनाक सच, जिसने सभी को स्तब्ध कर दिया.

यह कोई हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या थी — और साजिशकर्ता कोई और नहीं, बल्कि मृतक की लिव-इन पार्टनर थी. 32 वर्षीय रामकेश मीणा, जो सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, की हत्या उनकी 21 वर्षीय लिव-इन पार्टनर अमृता चौहान ने की. अमृता फॉरेंसिक साइंस की छात्रा थी — यानी उसे अपराध छिपाने की हर तकनीक का ज्ञान था. पुलिस जांच में सामने आया कि अमृता ने अपने पूर्व प्रेमी सुमित कश्यप और उसके दोस्त संदीप कुमार की मदद से यह साजिश रची थी.

# डिजिटल गिरफ्तारी घोटाला में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर. डिजिटल युग की चमक के बीच ठगी का एक नया अंधकार फैल रहा है — 'डिजिटल गिरफ्तारी घोटाला'. इसमें अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या न्यायाधीश बताकर निर्दोष लोगों को फर्जी गिरफ्तारी की धमकी देकर करोड़ों की ठगी कर रहे हैं.**

सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर खतरे पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सभी राज्यों से रिपोर्ट मांगी है. देश में तेजी से फैल रहे डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों पर उच्चतम न्यायालय ने गंभीर चिंता जताते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस तरह की दर्ज प्राथमिकी का विस्तृत ब्यौरा पेश करने का निर्देश दिया है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यदि मामलों की संख्या और जटिलता अधिक है, तो जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जा सकती है — बशर्ते एजेंसी के पास पर्याप्त संसाधन हों. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जांच कर रही है और उसे गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से तकनीकी सहायता मिल रही है.

### आज का इतिहास

1628- ला रोशेल की घेराबंदी समाप्त.

1848- स्पेन का पहला रेलवे बार्सिलोना और मातरो के बीच खुला.

1886 -अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड ने स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को राष्ट्र को समर्पित किया.

1891- जापान में भूकंप से 7300 लोगों की मौत.

1922 - लाल सेना ने व्लादिवोस्तोक का अधिग्रहण किया.

1940- द्वितीय विश्व युद्ध ङ्क इटली ने ग्रीस पर आक्रमण किया.

# भोजपुर में तीन विधायक बेटिकट

## दो सीटों पर पुत्र उतरे चुनावी मैदान में

- संदेश, जगदीशपुर और आरा में बदले उम्मीदवार
- पारिवारिक उत्तराधिकार से फिर गरमाई सियासत

**पटना, 27 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भोजपुर जिले की सात सीटों पर राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं. तीन विधायकों को उनके दलों ने टिकट से वंचित कर दिया है, जबकि दो सीटों पर उनके पुत्रों ने चुनावी कमान संभाली है. यह जिला फिर एक बार 'वंश बनाम अनुभव' की बहस का केंद्र बना हुआ है.**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भोजपुर जिले की सात सीटों — संदेश, बड़हरा, आरा, अगियांव (सुरक्षित), तरारी, जगदीशपुर और शाहपुर — पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है. इनमें से तीन सीटों संदेश, जगदीशपुर और आरा में दलों ने मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया, जबकि संदेश और जगदीशपुर सीटों पर उनके पुत्रों को प्रत्याशी बनाया गया है. संदेश से राजद ने विधायक किरण देवी को टिकट नहीं दिया और उनके पुत्र दीपू सिंह को मैदान में उतारा है. जदयू ने इस सीट से विधान पार्षद राधा चरण साह पर भरोसा जताया है. 2020 में राजद ने अरुण यादव की जगह उनकी पत्नी किरण देवी को उतारा था, जिन्होंने जदयू के विजेंद्र यादव को मात दी थी. इस बार 11 प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं. जगदीशपुर, जो बाबू कुंवर सिंह की भूमि के रूप में प्रसिद्ध है, से राजद ने विधायक राम विशुन सिंह की जगह उनके पुत्र किशोर कुणाल को टिकट दिया है. जदयू ने पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा को उतारा है.

पिछले चुनाव में राम विशुन सिंह ने कुशवाहा को हराया था. इस बार मुकाबला और रोमांचक माना जा रहा है. आरा सीट पर भाजपा ने पांच बार के विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह को टिकट से वंचित कर संजय सिंह टाइगर को उम्मीदवार बनाया है. भाकपा (माले) ने कय्यूमुद्दीन अंसारी को प्रत्याशी घोषित किया है. इस सीट पर 13 उम्मीदवार हैं.

**हाजीपुर.** बिहार में वैशाली जिले की लालगंज सीट पर राष्ट्रीय जनता दल( राजद) की प्रत्याशी शिवानी शुक्ला ने सोमवार को कहा कि उनके पिता पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला को जेल में यदि कुछ खरोंच भी आई तो बिहार की इस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को कानून के कटघरे में खड़ा करूंगी. शुक्ला ने कहा कि बिहार की राजग सरकार उनके पिता मुन्ना शुक्ला को एक साजिश के तहत पटना से भागलपुर जेल ले गई है और उनकी मनसा ठीक नहीं है .

### भाजपा विधायक छह साल के लिये पार्टी से निष्काषित



**भागलपुर.** भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई ने सोमवार को भागलपुर जिले के कहलगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक पवन यादव को दल विरोधी कार्य करने के आरोप में छह साल के लिये पार्टी से निष्कासित कर दिया है. भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविन्द शर्मा ने सोमवार को यहां बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव में कहलगांव क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग )के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध पार्टी के वर्तमान विधायक पवन यादव द्वारा चुनाव लड़े जाने की जानकारी मिली है. यादव का यह कार्य दल विरोधी है, जिस कारण पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध उन्होंने यह कार्य किया है.उन्होंने बताया कि विधायक पवन यादव के दल विरोधी इस गतिविधि के लिए पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है. इस बीच उत्तर प्रदेश के भाजपा विधायक सह कहलगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रमेश कुमार जायसवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव से संबंधित राजग के घटक दलों की बैठकों में अनुपस्थित रहने और पार्टी के अनुशासन को तोड़ने के आरोप में कहलगांव विधानसभा संयोजक सहित तीन मंडल अध्यक्ष तथा नगर भाजपा अध्यक्ष के विरुद्ध पार्टी से निष्कासन की कार्रवाई की गई है.उन्होंने बताया कि पार्टी में अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### एक नजर में



#### दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन.** दक्षिण चीन सागर के ऊपर अलग-अलग नियमित अभियानों के दौरान आधे घंटे के अंतराल पर अमेरिकी नौसेना के एक हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू जेट - दुर्घटनाग्रस्त हो गए हालांकि चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है. नौसेना ने बताया कि यूएसएस निमित्ज़ विमानवाहक पोत से नियमित अभियान के दौरान एक एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया. खोज और बचाव दल ने चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचा लिया. लगभग 30 मिनट बाद उसी विमानवाहक पोत से अभियान के दौरान एक एफ/ए-18एफ सुपर हॉर्नेट लड़ाकू विमान भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

#### राधाकृष्णन कल तीन दिन की यात्रा पर तमिलनाडु जाएंगे



**नयी दिल्ली.** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मंगलवार को तमिलनाडु की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगे. उपराष्ट्रपति का पद संभालने के बाद उनका अपने गृह राज्य तमिलनाडु का यह पहला दौरा होगा. उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को बताया कि इस दौरान उपराष्ट्रपति कोयंबटूर, तिरुपुर, मदुरै और रामनाथपुरम में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. उपराष्ट्रपति अभी सेशेल्स के आधिकारिक दौरे पर हैं जहां उन्होंने डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के सेशेल्स के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया. तमिलनाडु यात्रा के पहले चरण में वह कल कोयंबटूर पहुँचेंगे. कोयंबटूर एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा.

#### बस्ती परिक्षेत्र में हत्या के मामलों में 24 को आजीवन कारावास

**बस्ती.** उत्तर प्रदेश में बस्ती परिक्षेत्र के तीन जिलो बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीर नगर में हत्या के मामले में दोषी पाये गये 24 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी है. पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने सोमवार को बताया कि बस्ती परिक्षेत्र के बस्ती,सिद्धार्थनगर तथा संतकबीर नगर में अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है. पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायालय द्वारा विभिन्न मुकदमों में शीघ्र ही फैसला सुनाया गया है. सिद्धार्थनगर जनपद में दो व्यक्तियों को हत्या के मामले में दोषी पाया गया.

# मुख्यमंत्री योगी ने मूर्तियों की स्थापना

**लखीमपुर खीरी 27 अक्टूबर. भारत-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वार्षिक परंपरा के तहत क्षमादेवजी तथा श्री गुरुमन साहेब की नई मूर्तियों का अनावरण किया. यह परंपरा आश्रम में हर वर्ष निभाई जाती है, जिसके अंतर्गत पूज्य संतों की मूर्तियों को नए रूप में स्थापित किया जाता है.**

मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मूर्तियों का उद्घाटन किया और दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में एक रुद्राक्ष का वृक्ष भी रोपित किया. मुख्यमंत्री ने कबीरधाम आश्रम की धार्मिक परंपरा, संतों की सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्थलों से समाज में सद्भाव, आस्था और सेवा की प्रेरणा मिलती है. इस अवसर पर आश्रम से जुड़े संत, श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.



### 'छठ' सामाजिक एकता और भारतीय विरासत का प्रतीक

**लखनऊ.** गोमती तट पर छठ महापर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा — छठ न केवल आस्था और साधना का पर्व है, बल्कि यह भारत की सामाजिक एकता, पर्यावरण संवेदना और आध्यात्मिक उन्नयन का प्रतीक भी है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान स्थित गोमती तट पर आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में भाग लिया.

कार्यक्रम | मुख्य अतिथि जेपी द्विवेदी, सीएमडी, वेकोलि ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

# वेकोलि में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

**नागपुर, 27 अक्टूबर. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ( वेकोलि ) में को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ हुआ. वेकोलि मुख्यालय में आयोजित सतर्कता जागरुकता सप्ताह के कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि जे. पी. द्विवेदी, सीएमडी, वेकोलि ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई.**

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) बिक्रम घोष, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर म्हेत्रे की प्रमुख उपस्थिति रही. स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर म्हेत्रे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा ईमानदारी वेकोलि के मूल सिद्धांत हैं तथा इन्हें बल प्रदान करने हेतु सतर्कता विभाग निरंतर कार्यशील रहता है.




उन्होंने बताया कि मुख्य सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार वेकोलि में 18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025 तक निवारक सतर्कता पर केंद्रित, विशेष सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटान, कैपेसिटी बिल्डिंग, एसेट मैनेजमेंट एवं डिजिटल सुधार आदि पर कार्य किए जा रहे है.

# रूबियो सहित अनेक नेताओं से मिले जयशंकर

**नयी दिल्ली 27 अक्टूबर. भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कुआलालंपुर गए विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और कई अन्य देशों के नेताओं के साथ मुलाकात की और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की.**

डा. जयशंकर ने इन नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की. रूबियो से मिलने के बाद उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बात हुई. उन्होंने कहा , आज सुबह कुआलालंपुर में मार्को रूबियो से मिलकर खुशी हुई. हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की. विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को विकसित करने के बारे में बात की. उन्होंने मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से भी मुलाकात की.



द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा के साथ-साथ म्यांमार की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया. डा. जयशंकर आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ से भी मिले. उन्होंने जापान के विदेश मंत्री मोटेगी तोशिमित्सु से मिलकर द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की. दोनों के बीच सहयोग के अगले दशक के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को लागू करने के बारे में मिलकर काम करने पर सहमति हुई. उन्होंने वैश्विक स्थिति और हिंद-प्रशांत सहयोग पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया. डा. जयशंकर ने वियतनाम के विदेश मंत्री ले होई ट्रुंग के साथ भी बैठक की.

### टोक्यो के पास एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**टोक्यो.** जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक रिहायशी इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी. क्योडो न्यूज़ ने पुलिस और दमकलकर्मियों के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि सैतामा के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक दो मंजिला लकड़ी के घर में आग लग गयी है. पुलिस के अनुसार आग पर काबू पाने में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे और आस-पास के घरों को इससे कोई नुकसान नहीं पहुँचा है. इमारत में एक दंपत्ति और 80 वर्षीय बजुर्ग रह रहे थे. शवों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है.